# कोविड-19 संबंधी अपडेट्स: ब्रैम्पटन का कोर्टहाउस 6 जुलाई को दुबारा खुल रहा है, स्प्रे पैड के घंटे बढ़ाए जा रहे हैं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 जुलाई, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को दुबारा खोलने और बहाली योजना के हिस्से के तौर पर, ब्रैम्पटन का प्रोविंसिल ओफेंसेज कोर्टहाउस (Provincial Offences Courthouse) 6 जुलाई को दुबारा खुल रहा है और स्प्रे पैड के घंटे बढ़ाए जाएंगे।

सिटी, समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीरता से लेती है, इसलिए सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

**कोर्टहाउस**

5 रे लॉसन बुलेवार्ड (5 Ray Lawson Boulevard) में स्थित, ओनटैरियो कोर्ट ऑफ जस्टिस प्रोविंसिल ओफेंसेज कोर्ट (Ontario Court of Justice Provincial Offences Court) 6 जुलाई को दुबारा खुलेगी।

कोर्टहाउस में आने  वाले लोगों के लिए, वहां लगाए गए सभी साइन बोर्डों और निर्देशों का पालन करना जरूरी है। एक-तरफ वाला प्रवेश का दरवाजा नियत किया जाएगा, जहां सिक्योरिटी गार्ड द्वारा लोगों का स्वागत किया जाएगा। लोगों से अनुरोध है कि वे प्रवेश से पहले वहां लगाए गए, कोविड-19 (COVID-19) संबंधी स्व-जांच (सेल्फ स्क्रीनिंग) के बारे में सवालों की समीक्षा करें। प्रवेश पर सैनिटाइज़र प्रदान किया जाएगा। उसके बाद जनता, लाइन टिकट  प्राप्त  करने के लिए सूचना काउंटर (Information Counter) पर जा सकती  है।

यदि लाइन में जगह न हो, तो लोगों को अपना सेल फोन नंबर प्रदान करने के लिए कहा जाएगा, ताकि वे टेक्सट संदेश के द्वारा लाइन नंबर प्राप्त कर पाएं। जब तक वे बिल्डिंग में प्रवेश के लिए सूचित करने वाला टेक्सट संदेश प्राप्त न कर लें, उन्हें बाहर ही प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाएगा। फर्शों पर रंगों से कोड किए निशान, बिल्डिंग में अलग-अलग सेवा क्षेत्रों के बारे में, लोगों का मार्गदर्शन करेंगे।

कृपया जान लें कि प्रोविंसिल ओफेंसेज एक्ट (Provincial Offences Act) संबंधी सभी व्यक्तिगत मुद्दों को, 11 सितम्बर, 2020 तक स्थगित किया जाएगा। नोटिस की कॉपी, ओनटैरियो कोर्ट ऑफ जस्टिस (Ontario Court of Justice) की वेबसाइट (website) पर उपलब्ध है।

**स्प्रे पैड्स**

6 जुलाई से शुरू करते हुए, स्प्रे पैड संचालन के घंटे बढ़ा दिए गए हैं। यदि मौसम ठीक रहेगा, तो ब्रैम्पटन में स्प्रे पैड्स सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक की बजाय, अब सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुले रहेंगे। स्प्रे पैड वाली जगहों की सूची के लिए www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

**कोविड-19 से सुरक्षा संबंधी उपाय**

पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हर किसी को शारीरिक दूरी कायम  रखने का अनुरोध करते हैं। अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक, साबुन और पानी के साथ धोकर हाथों की अच्छी तरह से सफाई जरूर करें और जब आप बाहर हों तो अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करें। खांसते या छींकते समय, मुंह को टिशू से या अपनी कोहनी से ढकें और उसके बाद अपने हाथों को धोएं या सैनिटाइज़ करें।

यदि आप बीमार हैं, तो कृपया कोर्टहाउस या स्प्रे पैड्स में न जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca